नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 04/06/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 06	क्रम सं0(Serial No.) 01

CISF के 75 जवान पुलिस पदक से किए सम्मानित

महानिदेशक नीना सिंह सम्मानित करते हुए।

नई दिल्ली 3 जून (नवोदय टाइम्स): सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित अलंकरण समारोह के दौरान नीना सिंह, महानिदेशक सीआईएसएफ ने बल के अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक, अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक से सम्मानित किया। सीआईएसएफ के 75 अधिकारियों और कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक से अलंकृत करने हेतु सीआईएसएफ मुख्यालय में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त पदक उन्हें गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य अवसरों पर भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं।